हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 14 जनवरी 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 धान अफरा तफरी के मामले में खाद्य विभाग की टीम ने राइस मिल में की ...




## खबर संक्षेप

### मकर संक्रांति पर गणपति धाम में होगी भव्य पतंग प्रतियोगिता





**अम्बिकापुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना ट्रस्ट द्वारा 14 जनवरी को सुबह 11 बजे भव्य पतंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता महामाया पहाड़ी स्थित गणपति धाम परिसर में होगी। ट्रस्ट के संयोजक एवं पार्षद जितेंद्र सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता में गणमान्य नागरिक एवं उत्साही पतंगबाज भागीदारी करेंगे तथा विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 3100 रूपये द्वितीय पुरस्कार 2100 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 1100 रूपये तथा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलेष सिंह शैलू ने बताया कि मकर संक्रांति हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ट्रस्ट का उद्देश्य प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों के सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना है।

### तातापानी महोत्सव में वाहनों के लिए की गई है पार्किंग व्यवस्था

**बलरामपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर जिले में 14 जनवरी से 16 जनवरी तक तातापानी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में तातापानी स्थित है और हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर तातापानी महोत्सव का आयोजन किया जाता है। मेले में आने वाले आमजनों के वाहनों के लिए जिला प्रशासन द्वारा पार्किंग का निर्धारण किया गया है, जिसके अंतर्गत बलरामपुर से आने वाले वाहनों के लिए पुलिस चौकी तातापानी के पास तीन वाहन पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। साथ ही मेले की ओर ले जाने वाली मार्ग में भी एक पार्किंग बनाया गया है। इसी प्रकार रामानुजगंज की ओर से आने वाले वाहनों के लिए धान खरीदी केन्द्र तातापानी के पास तीन पार्किंग स्थल तथा हाई स्कूल तातापानी मैदान में एक पार्किंग स्थल बनाया गया है। साथ ही ग्राम तेतरडीह की ओर से आने वाले वाहनों के लिए सेन्दूर रोड में तीन पार्किंग स्थल बनाया गया है।

### विभागीय परीक्षा 27 जनवरी से 3 फरवरी तक

अंबिकापुर। विभागीय परीक्षा माह जनवरी 2026 का आयोजन 27 जनवरी से 3 फरवरी तक परीक्षा केंन्द्र शासकीय बहुउद्देशीय सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय, अम्बिकापुर के कक्ष क्रमांक-04 में किया गया है। विभागीय परीक्षा माह में भाग लेने वाले अधिकारी निर्धारित तिथि व नियत स्थान पर विभागीय परीक्षा में उपस्थित हो सकते हैं।

# टेंडर हुए एक साल बीत गए लेकिन नहीं आई मानसिक हॉस्पिटल निर्माण की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दो साल पहले हुई थी घोषणा, 9 .22 करोड़ का भेजा गया था प्रस्ताव

सरगुजा में मानसिक हॉस्पिटल के निर्माण को लेकर घोषणा के दो साल बाद भी निर्माण कार्य को लेकर प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। विभाग की ओर से हॉस्पिटल बिल्डिंग के निर्माण हेतु स्थल का चिन्हांकन करने के साथ ही टेंडर की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। हॉस्पिटल बिल्डिंग का निर्माण 9.22 करोड़ रुपए की लागत से किया जाना है लेकिन बड़ी बात यह है कि टेंडर किए एक साल का समय बीत जाने के बाद भी राशि जारी नहीं हो पाई है।

बता दें कि सरगुजा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद से ही स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में शासन द्वारा सरगुजा जिले में मानसिक हॉस्पिटल के निर्माण की घोषणा की गई थी। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने अपने 2023 बजट में नवीन मानसिक चिकित्सालय की घोषणा की थी। घोषणा के बाद मानसिक अस्पताल के निर्माण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई क्यों कि प्रदेश में चुनाव के बाद सत्ता ही बदल गई। हालांकि वर्तमान सरकार ने भी मानसिक अस्पताल की बात अपने बजट में की थी। इस मानसिक अस्पताल के निर्माण से सरगुजा के लोगों को बड़ी सुविधा मिलती और उन्हें रायपुर या अन्य राज्यों में नहीं जाना पड़ता लेकिन मानसिक अस्पताल के निर्माण का कार्य आज तक शुरू नहीं हो पाया है। इसे लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार शासन की घोषणा के बाद मानसिक हॉस्पिटल के निर्माण हेतु जिला प्रशासन द्वारा मेण्ड्राकला स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 1057 रकबा 26.350 हेक्टेयर भूमि में से रकबा 2.023 हेक्टेयर भूमि आरक्षित किया गया है। भूमि आबंटित किए जाने के बाद सीजीएमएससी ने प्रोजेक्ट बनाकर प्रदेश सरकार को भेजा। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण एजेंसी सीजीएमएससी ने एक वर्ष पूर्व 9 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य हेतु टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर ली। एजेंसी ने शहर के पारस गर्ग नामक ठेकेदार को काम भी दे दिया लेकिन निर्माण के लिए राशि जारी नहीं हो पाई है। राशि जारी नहीं होने के कारण ठेकेदार भी टेंडर लेने के बाद निर्माण शुरू करने की हिम्मत नही जुटा पा रहे है।

### गार्डन के साथ बिल्डिंग का निर्माण

बताया जा रहा है कि मानसिक हॉस्पिटल के निर्माण हेतु सीजीएमएससी द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई है। मानसिक हॉस्पिटल का निर्माण जी पल्स 3 टाइप का किया जाना है। इसके साथ ही इस परिसर में प्रशासनिक भवन का निर्माण होगा जबकि मानसिक रोगियों के मेडिटेशन हेतु एक गार्डन का भी निर्माण कराया जाना था लेकिन टेंडर होने के बाद एक साल से अधिकारी भी राशि का इन्तजार कर रहे है। अब आलम यह है कि निर्माण शुरू होने में हो रही देरी को लेकर अधिकारी भी कुछ कहने की स्थिति में नहीं है।

### की गई है चर्चा

मानसिक हॉस्पिटल के निर्माण हेतु निर्माण एजेंसी ने टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर ली थी। निर्माण शुरू कराने को लेकर विभाग के अधिकारियों से चर्चा की जा रही है।

-डॉ. पीएस मार्को, सीएमएचओ

## वन विश्राम गृह में बार बालाओं के नृत्य का मामला

# डिप्टी रेंजर एवं फारेस्टर निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- पार्टी में शामिल लोगों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने डीएफओ ने एसपी को लिखा पत्र

वन विश्रामगृह कुमेली में बार बालाओं का नृत्य आयोजित करने संबंधी वायरल वीडियों की आंच प्रदेश की राजधानी रायपुर तक पहुंच गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य वन संरक्षक के निर्देश पर सीसीएफ डिप्टी रेंजर एवं फारेस्टर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है वहीं तत्कालीन रेंजर को कारण बताओं नोटिस जारी की गई है।

सूरजपुर जिलान्तर्गत वन परिक्षेत्र रामानुजनगर के पर्यटन स्थल कुमेली स्थित फारेस्ट रेस्ट हाउस में शराब पार्टी एवं नृत्य करती बार बालाओं का वीडियों वायरल होने के बाद वनकर्मियों की समस्या बढ़ गई है। वायरल वीडियों की आंच राजधानी रायपुर तक पहुंच गई है। मामले की जांच रिपोर्ट से अवगत होने के बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने मुख्य वन संरक्षक को मामले में दोषी अधिकारी-कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए थे। निर्देश पर मुख्य वन संरक्षक दिलराज प्रभाकर ने डिप्टी रेंजर रविशंकर तिवारी एवं फारेस्टर शैलेष टीना लकड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है वही तत्कालीन वन परिक्षेत्राधिकारी आरसी प्रजापति को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। मालूम हो कि रेंजर आरसी प्रजापति को हाल ही में शासन ने एसडीओ पद पर पदोन्नत किया है तथा एक सप्ताह पूर्व ही वे अपना पदभार सौंपकर नवीन कार्यस्थल पर गए हैं। रेस्ट हाउस के चौकीदार ने अपने बयान में कहा है कि रेस्ट हाउस की चाभी रेंजर के पास रहने एवं रेंजर द्वारा स्वयं प्रभावशाली लोगों को चाभी सौंप कर्मचारियों को व्यवस्था करने का निर्देश देते थे। ऐसे में तत्कालीन रेंजर की भी समस्या बढ़ने की संभावना है। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएफओ को पत्र लिखकर वीडियों में दिख रहे लोगों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने को कहा है। मामले में पुलिस जल्द ही वीडियों में दिख रहे लोगों की पहचान कर उनके एफआईआर दर्ज कर सकती है।



सोशल मीडिया में वायरल हो रहा बार बालाओं के ठुमके लगाने का वीडियो

**पर्यटन स्थल कुमेली स्थित रेस्ट हाउस बना रइसों का अड्डा**

अधिकारी एक-दूसरे पर थोप रहे है जिम्मेदारी

मकर संक्रांति पर लगता है मेला

डीएफओ को दिए हैं निर्देश

नहीं मिली है सूचना

### लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

कुमेली वन विश्राम गृह में बार बालाओं के नृत्य का वीडियों सामने पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने 12 जनवरी को पत्र जारी कर वन मण्डलाधिकारियों को अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी वन विश्रामगृहों एवं निरीक्षण कुटीर में सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि विश्रामगृह एवं निरीक्षण कुटीर की सुरक्षा, अनुशासन, संपत्ति संरक्षण एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति की रोकथाम के दृष्टिगत इन परिसरों के उपयुक्त स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाए। निरीक्षण कुटीर एवं वन विश्रमगृहों का परीक्षण कर प्रवेश द्वार, रिसेप्शन, पार्किंग, कॉरिडोर एवं अन्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। वन विश्रमागृह में ठहरने वाले व्यक्तियों के पहचान पत्र (आधार कार्ड) का संधारण रजिस्टर पर किया जाए। भविष्य में वन विश्रामगृहों में अनधिकृत प्रवेश की घटना होने पर वन परिक्षेत्राधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों के विरूद्ध छग सिविल सेवा अधिनियम 1965 के नियम 3 अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

### किया गया है निलंबन

कुमेली रेस्ट हाउस में हुई घटना में विभाग द्वारा फारेस्टर एवं डिप्टी रेंजर को निलंबित किया गया है वहीं तत्कालीन रेंजर को नोटिस जारी की गई है। वीडियों में मौजूद लोगों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने डीएफओ ने एसपी को पत्र लिखा है।

-अशोक तिवारी
उपवन मण्डलाधिकारी, सूरजपुर

# उत्कृष्ट कार्य पर एसएसपी ने 56 पुलिस अधिकारी व जवानों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 56 पुलिस अधिकारी व जवानों जिनमें 3 निरीक्षक, 2 एसआई, 6 एएसआई, 9 प्रधान आरक्षक, 35 आरक्षक व 1 महिला आरक्षक शामिल है उन्हें प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया है।

वर्ष 2025 के दौरान जिले में पुलिसिंग को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिनमें थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, थाना प्रभारी विश्रामपुर प्रकाश राठौर, थाना प्रभारी झिलमिली नसीमुद्दीन, थाना प्रभारी चंदौरा मनोज सिंह, थाना प्रभारी प्रेमनगर विराट विसी, चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, चौकी प्रभारी खड़गवां रघुवंश सिंह, चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर संजय सिंह यादव, चौकी प्रभारी तारा संजय गोस्वामी, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, साइबर सेल प्रभारी राकेश यादव, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, उदय सिंह, मनीष पन्ना, जितेन्द्र सोनवानी, शिवकुमार बेक, प्रदीप पटेल, पुष्पराज राय, सुरेश सूर्यवंशी, आशीष श्रीवास्तव, आरक्षक संतोष सोनी, योगेश्वर सिंह, विजय राजवाड़े, कमलेश यादव, जेठूराम सोनवानी, मनोज ठाकुर, हरि एक्का, रीझमन भगत, रौशन सिंह, पंकज सिंह, मिथलेश प्रजापति, शशिकांत मिश्रा, अनिल लकड़ा, विनय दान, राजीव गवेल, वसीम राजा, नवीन बेक, विनोद सारथी, संजय कुमार, राजेन्द्र कंवर, बलदेव सिंह, जीवन साहू, महेन्द्र प्रताप सिंह, रामकुमार नायक, विकास पटेल, ललन सिंह, अभय तिवारी, इन्द्रजीत सिंह, रावेन्द्र पाल, अमलेश्वर सिंह, चंदन सिंह, राजमोहन राजवाड़े, पारसनाथ सिंह, रविराज पाण्डेय, युवराज यादव व महिला आरक्षक रौशनी सिंह शामिल रहे। इस दौरान एएसपी योगेश देवांगन, एएसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैंकरा, एसडीओपी नरेन्द्र सिंह पुजारी, राजेश जोशी, डीएसपी अनूप एक्का, रीना नीलम कुजूर, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही बाइक बरामद किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुक्ति पारा निवासी दीनू एक्का 10 जनवरी की रात 10 बजे अपनी पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 14 एमके 6934 को शटर के अंदर खड़ी कर दरवाजा बंद कर सोया था। 4 बजे भोर मे आवाज सुनकर उठकर देखा मकान के शटर का ताला तोड़कर बाइक चोरी कर ली गई थी। इस दौरान चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने प्रतापपुर केरता हाल मुकाम सुभाषनगर निवासी 24 वर्षीय ननकेश्वर पोया आ. झीमल पोया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की बाइक बरामद करने के साथ ही आरोपी को बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, उनि नवल किशोर दुबे, आरक्षक राहुल सिंह, रमन मण्डल सक्रिय रहे।

# मकर संक्रांति पर तातापानी महोत्सव का आगाज आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सीएम विष्णुदेव साय करेंगे उदघाटन, देंगे 667 करोड़ की सौगात



मकर संक्रांति के अवसर पर में बुधवार को तातापानी महोत्सव का आगाज किया जाएगा। 14 जनवरी से शुरू होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव का आगाज प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इस आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस दौरान सीएम द्वारा जिले को करोड़ो रुपए की सौगात दी जाएगी जबकि तीन दिनों तक छत्तीसगढ़ी, बॉलीवुड के कलाकार अपनी प्रस्तुती देंगे।

बता दें कि मकर संक्रांति के अवसर पर बलरामपुर जिले के तातापानी में तीन दिवसीय संक्रांति महोत्सव का आगाज किया जा रहा है। 14 से 16 जनवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। ऐसे में तातापानी महोत्सव को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। बुधवार को महोत्सव का आगाज किया जाएगा। इस संक्रांति महोत्सव का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इस दौरान सीएम 667 करोड़ 57 लाख से अधिक की राशि के विकास कार्यो का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। जिसमें 71 विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 140 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री श्री साय तातापानी महोत्सव में सम्पन्न होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजनान्तर्गत 200 जोड़ों के विवाह समारोह में सम्मिलित होंगे तथा नव दंपतियों को आशीर्वाद देंगे। वहीं तीन दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव के पहले दिन 14 जनवरी को छत्तीसगढ़ के प्रख्यात गायक एवं कलाकार अनुज शर्मा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राएं भी अपनी प्रस्तुति देंगे। 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे से जिले के समस्त पंच, सरपंच के लिए किसान संगोष्ठी एवं पंच सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया गया है। साथ ही संध्याकालीन कार्यक्रम में बॉलीवुड के गायक व कलाकार आदित्य नारायण द्वारा प्रस्तुति तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा स्थानीय कला एवं संस्कृति की झलक को प्रदर्शित करते हुए ट्राइबल फैशन वॉक किया जाएगा। 16 जनवरी 2026 को संस्कृति संध्या में भोजपुरी कलाकार रितेश पाण्डेय, खुशी ककड़ व डिम्पल सिंह के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं मेला स्थल पर आरागाही हवाई पट्टी में पैरासेलिंग के साथ ही महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में स्कूली छात्र-छात्राओं व स्थानीय कलाकारों के अलावा आमंत्रित कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। महोत्सव को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई है और सुरक्षा के इंतजाम किए गए है। इसके साथ ही महोत्सव में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों को शासन की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जिले के अंतर्गत हुए विकास कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई जाएगी।




## खबर संक्षेप



### युवा नेता के घर पहुंचे मंत्री रामविचार

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम अपने कोरिया दौरे के दौरान शहर में भाजपा युवा नेता राहुल खस के निज निवास पर पहुंचे, जहां पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्री नेताम युवा नेता राहुल खस के परिवार के लोगों से भी सौजन्य मुलाकात कर हाल चाल जाना।

### अमृत सदन में दिव्यांग शिविर का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** नगर स्थित अमृत सदन में दिव्यांगजनों की सुविधा एवं उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से विशेष दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजन के आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं का समाधान, मोबाइल नंबर अपडेट तथा आवश्यक सुधार कार्य करना था, ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके। शिविर के दौरान कुल 25 दिव्यांगजन के आधार कार्ड अपडेट किए गए, वहीं 55 दिव्यांगजन के आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट एवं अन्य आधार संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया।

### सीईओ व अपर कलेक्टर ने लिए आवेदन

**बैकुण्ठपुर।** ठंड में दूर-दराज से आने वाले आम नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में खुले आसमान के नीचे जनदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर श्री वैद ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित एवं नियमसम्मत कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन कार्यक्रम में बैकुंठपुर, पटना, सोनहत एवं पोड़ी-बचरा क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। सीईओ डॉ.चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर श्री वैद्य ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से पढ़ते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप आयोजित इस जनदर्शन में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। 13 जनवरी को जनदर्शन के दौरान भूमि पर अवैध कब्जा हटाने, बंटांकन, नामांतरण, नक्शा प्रदाय, लंबित भुगतान सहित कुल 35 विभिन्न विषयों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए।

### शराब सप्लाई करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में अवैध नशे के कारोबार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बीते 20 वर्षों से महुआ शराब की सप्लाई में संलिप्त मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशन में की गई। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी श्रीमती दीपिका मिंज के नेतृत्व में थाना चिरमिरी पुलिस टीम का गठन किया गया। मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हीरापुर तिराहा, बड़ी बाजार के पास घेराबंदी कर आरोपी सोन प्रकाश उर्फ सोनू पिता दुर्गा प्रसाद उम्र 42 वर्ष निवासी स्कूल सफाई गेल्हापानी थाना चिरमिरी को पकड़ा।

### विवेकानंद जयंती पर विविध आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** विवेकानंद जयंती के अवसर पर एजुकेशन पावर पब्लिक स्कूल नई लेदरी के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा नार्थ झगराखाण्ड स्थित पार्क में हर्षोल्लास के साथ भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर झगराखाण्ड नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीमा रमेश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यादव के साथ मिलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

---

34 करोड़ रुपए से अधिक की हुई ऋण वसूली

# 14 हजार किसानों के खातों में पहुंचा 198 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



खरीदी केन्द्र में धान का भंडारण।

कोरिया जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर 2025 से प्रारंभ की गई है, जो 31 जनवरी तक जारी रहेगी। जिले के 21 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य लगातार संचालित किया जा रहा है।

छग सरकार द्वारा इस वर्ष भी प्रति एकड़ 21 क्विंटल की सीमा में 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का निर्णय लिया गया है। 12 जनवरी तक जिले के 14 हजार 568 पंजीकृत किसानों से इस खरीफ वर्ष में 13 लाख 74 हजार 680 क्विंटल धान की खरीदी के लक्ष्य के विरूद्ध 8 लाख 36 हजार 893 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। खरीदी गई धान की राशि के रूप में 198 करोड़ 32 लाख 59 हजार 991 रूपए डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में अंतरित किए जा चुके हैं। इसके साथ ही कृषि ऋण लेने वाले किसानों से अब तक 34 करोड़ 69 लाख 82 हजार 491 रूपए की ऋण वसूली भी की जा चुकी है। साथ ही 5 हजार 616 किसानों ने 430 हेक्टेयर से अधिक रखबे समर्पण भी कराया है। शासन द्वारा किसानों के लिए ऑनलाइन टोकन व्यवस्था करने से फर्जी व बोगस धान बेचने वालों पर अंकुश लगी तो किसानों को ऑनलाइन टोकन से सुविधा भी मिली। धान खरीदी के दौरान जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान परिवहन एवं अवैध भंडारण के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। इस दौरान बड़ी मात्रा में अवैध धान जब्त किया गया है, जिससे समर्थन मूल्य प्रणाली की पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

### धान उपार्जन केन्द्रों में निरंतर निगरानी करें नोडल अधिकारी

मंगलवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर श्री वैद्य ने 13 जनवरी को समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों पर चर्चा करते हुए जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि धान खरीदी में अब विशेष रूप से निगरानी करने की आवश्यकता है। धान उपार्जन केन्द्रों में नियुक्त प्रत्येक नोडल नियमित रूप से निगरानी करने के लिए प्रतिदिन केन्द्र का दौरा करें। किसी भी अवांछित स्थिति पर अविलंब जिला प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि धान खरीदी संवेदन शील विषय है इसलिए सभी विशेष ध्यान रखें। विभागवार लंबित आवेदनों पर चर्चा करते हुए उच्च न्यायालय में लंबित मामलों में गंभीरता से समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। समय-सीमा की बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास को मातृत्व वंदन योजना की निरंतर निगरानी के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा बैठक करने के निर्देश दिए गए। निर्वाचक नामावली में नाम सुधार की प्रक्रिया के साथ ही शासन की बंद हो गई योजनाओं की शेष राशि राज्य को लौटाने पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर राकेश कुमार साहू सहित अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

---

# मकर सक्रांति का पर्व आज घर में होगी विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



सजा पतंग की दुकान।

मकर सक्रांति का पर्व 14 जनवरी को उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन सुबह होने के साथ ही लोग नदी सरोवरों में स्नान कर सूर्य को जल अर्पित करते और घर में पूजा-अर्चना के बाद तिल गुड से बने व्यंजनों का सेवन करते हैं। जानकारी के अनुसार इस वर्ष मकर सक्रांति पर्व के दिन षटतिला एकादशी भी पड़ रही है।

ज्योतिषियों के अनुसार ऐसा संयोग बहुत कम होता है, ऐसे में मकर सक्रांति का महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया है, इसके अलावा भी आज मकर सक्रांति के अवसर पर कई संयोग बन रहे हैं। मकर सक्रांति पर्व के एक दिन पूर्व शहर में तिल गुड के लड्डू व अन्य तिल के व्यंजनों की खरीदी के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। मकर सक्रांति पर्व के दिन तिल गुड, दही चिवड़ा का सेवन किया जाता है, इसे देखते हुए पर्व के एक दिन पूर्व लोगों द्वारा जमकर तिलकुट, तिल के लड्डु, चिवड़ा आदि का खरीदी किए।

### दान पुण्य का है पर्व

मकर सक्रांति का पर्व को दान पुण्य का पर्व भी माना गया है। यही कारण है कि इस दिन कई लोग जरूरतमंदों को तिल गुड सहित कपड़ों का दान करते है। मकर सक्रांति पर्व पर किए गए दान का शुभ फल मिलता है, इसी मान्यता को लेकर कई लोगों के द्वारा इस दिन अवश्य दान पुण्य करते हैं।

### पतंग स्पर्धा का आयोजन

मकर सक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को शहर के रामानुज मिनी स्टेडियम में पतंग प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर में किया गया है। इसमें शामिल विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार के अलावा मोमेंटो भी प्रदान किया जाएगा। विलुप्त होती परंपरा को कायम रखने के लिए यह अच्छा प्रयास है।

### कल खिचड़ी खाने की है परंपरा

मकर सक्रांति पर्व को खिचड़ी पर्व भी कहा जाता है और इस अवसर पर अनेक परिवारों के यहां खिचड़ी अवश्य बनती है, लेकिन इस बार मकर सक्रांति पर्व के दिन षटतिला एकादशी होने के कारण चावल और खिचड़ी खाने की मनाही। कई वर्षो बाद मकर सक्रांति के दिन षटतिला एकादशी पड़ने के कारण इस बार सक्रांति पर खिचड़ी नहीं खाई जाएगी, बल्कि दूसरे दिन खिचड़ी खाई जा सकती है।

---

# भाजपा सरकार में विकास कार्य धरातल पर दिखते हैं: श्याम बिहारी

## स्वास्थ्य मंत्री ने नपं कार्यालय में की विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नगर पंचायत झगराखाण्ड एमसीबी के कार्यालय पहुंचकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीमा यादव, मुख्य नगर अधिकारी बसंत राम, उपाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, पार्षद देवनारायण सिंह, दिलीप सिंह, जितेन्द्र केवट, सुनील मिश्रा, रविरंजन, विनोद श्रीवास, शिवपूजन सिंह, श्रीमती पूजा कोल, शिव कुमार, मंडल अध्यक्ष श्रीमती बबीता सिंह, राजेश्वर सिंह, रमेश यादव, अजीमुन्नीशा, सौरभ गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री के आगमन को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में उत्साह और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सड़क निर्माण, नाली व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विकास कार्यों को समय-सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्वास्थ्य मंत्री ने क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप-स्वास्थ्य केन्द्रों, दवा उपलब्धता, चिकित्सक एवं स्टाफ की व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखा। इनमें पेयजल संकट, जर्जर सड़कों की मरम्मत, नियमित साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल रहे। मंत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीमा यादव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री का झगराखाण्ड आगमन नगर पंचायत के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि वे हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई हैं और भाजपा की विकासोन्मुखी सोच, सुशासन तथा जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास केवल कागजों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि योजनाएं धरातल पर दिखाई देती हैं। श्रीमती यादव ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है। सड़क, पेयजल, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर मंत्री के समक्ष विस्तृत मांगें रखी गई हैं, जिन पर सकारात्मक आश्वासन प्राप्त हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार और स्थानीय निकाय के बेहतर समन्वय से झगराखाण्ड नगर पंचायत को विकास की नई दिशा मिलेगी। नगर पंचायत उपाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए निरंतर संवाद और जमीनी स्तर पर निगरानी आवश्यक है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का आग्रह किया।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** युवा महोत्सव विवेकानंद जयंती के अवसर पर नालसा द्वारा प्राप्त संदर्भित पत्र ड्राग फ्री इंडिया स्कीम 2025 के तहत मनेन्द्रगढ़ थाने से सिविल लाइन रोड में क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने मिलकर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। वहीं साइबर सुरक्षा अपराध से सतर्कता के बैनर को एवं हाथ में नशा मुक्ति स्लोगन पकड़ नशा मुक्ति अभियान संदेश को लेकर रैली निकाली गई साथ ही लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

---

# मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना की वार्षिक कार्ययोजना पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कलेक्टर कोरिया के सभागार में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना निर्माण के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कुशल मानव संसाधन तैयार किए जाने पर केन्द्रित रहा।

कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसी सभी योजनाओं का चिन्हांकन करें, जिनके बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिले में कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता है। उसी के अनुसार सूची तैयार कर विषयों पर प्रशिक्षण के लिए वार्षिक कौशल विकास कार्ययोजना का प्रारूप तैयार करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी तकनीकी कामों के लिए जैसे राजमिस्त्री, प्लम्बर, ईलेक्ट्रिशियन, पेंटर आदि को प्रशिक्षण विषय बनाकर युवाओं को प्रशिक्षित किया जाए। इसी तरह जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना जैसे अन्य विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कुशल मानव संसाधन तैयार करने के लिए प्लान बनाए। उन्होंने कहा कि उद्योग, ग्रामीण विकास नगरीय प्रशासन, कृषि विभाग, स्वास्थ्य और पर्यटन विभाग में कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता सदैव बनी रहती है।

---

# अवैध कोयले की जब्ती की कार्रवाई संदेह के घेरे में

**वेस्ट चिरमिरी।** मंगलवार को अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस थाना पोड़ी द्वारा की गई कार्रवाई अब संदेह के घेरे में आ गई है। थाना पोड़ी पुलिस ने चित्ताझोर पोड़ी निवासी सोनसाय पण्डो के खेत से लावारिस हालत में अवैध रूप से भंडारित लगभग 10 टन कोयला, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 15 हजार रूपए जिसे जब्त किया था।

पुलिस के अनुसार सोनसाय पण्डो के पुत्र सोनू साय आत्मज नंदू द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसके खेत में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कोयला भंडारित किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने खेत में रखे कोयले को जब्त कर लिया तथा विवेचना पूर्ण किए जाने की बात कही गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि विवेचना के दौरान पुलिस ने यह जानने का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया कि उक्त कोयला कहां से आया, किसके द्वारा लाया गया और विशेष रूप से सोनसाय के खेत में ही क्यों भंडारित किया गया, जबकि वास्तविक स्थिति कुछ और ही कहानी बयां करती है। स्थानीयजन के अनुसार चित्ताझोर पोड़ी क्षेत्र में दर्जनों अवैध इंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं। प्रतिदिन पुलिस थाना पोड़ी के सामने से ही ट्रैक्टरों में भरकर अवैध कोयला इन इंट भट्ठों तक पहुंचाया जाता है, लेकिन इस पर न तो खनिज विभाग और न ही स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है।

---

# डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण, 8 लाख 50 हजार रुपए की अतिरिक्त आमदनी

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़




स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के दिशा-निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम के मार्गदर्शन में एमसीबी जिले की ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मॉडल तेजी से सफलता की नई कहानी लिख रहा है। ग्राम पंचायत सलका, सीरियाखोह, पिपरिया, चनवारीडांड, बुंदेली, पाराडोल, डोगरीटोला, हरचौका, लालपुर, शंकरगढ़, चैनपुर और खड़गवां में स्वच्छाग्राहियों द्वारा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण और पृथक्करण से गांवों की तस्वीर बदल रही है।

ग्राम पंचायतों के सहयोग और सतत निगरानी ने स्वच्छता अभियान को नई गति दी है। शहरों की तरह अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी ठोस अपशिष्ट संग्रहण और पृथक्करण की नियमित व्यवस्था विकसित हो चुकी है। चौक-चौराहों तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता साफ दिखाई देने लगी है। सप्ताह में दो से तीन दिन के अंतराल पर घर-घर से अपशिष्ट का व्यवस्थित संग्रहण किया जा रहा है। इस अभियान से एक ओर गांवों को गंदगी और दुर्गंध से मुक्ति मिल रही है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छाग्राहियों के लिए स्थायी आजीविका का मार्ग भी तैयार हुआ है। यूजर चार्ज, प्रोत्साहन राशि और अपशिष्ट विक्रय के माध्यम से कुल 8,50,000 रूपए की अतिरिक्त आय अर्जित की गई है, जिससे जुड़े श्रमिकों का उत्साह भी बढ़ा है।

---

## रेलवे इंस्टीट्यूट कर्मी की पीड़ा, व्यवस्था पर उठते सवाल

# 28 साल सेवा, फिर भी सिर्फ 2000 मानदेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



भविष्य की उम्मीद में अपनी जिंदगी के 28 वर्ष समर्पित कर देने के बावजूद जब मेहनत का मोल केवल 2000 रूपए प्रतिमाह रह जाए तो यह केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरी व्यवस्था की विफलता की कहानी बन जाती है। ऐसा ही एक मामला खैर माता मंदिर वार्ड क्रमांक 02 निवासी पी. रामना राव उम्र 58 वर्ष की जिंदगी में देखने को मिलता है।

पी. रामना राव का जन्म 14 अगस्त 1967 को हुआ। उन्होंने 21 सितंबर 1997 को रेलवे इंस्टीट्यूट में चौकीदार के पद पर कार्यभार संभाला था। उस समय उनका मासिक वेतन मात्र 450 रूपए था। उनकी नियुक्ति तत्कालीन स्टेशन मास्टर एवं स्टेशन इंचार्ज डी. गांगोली द्वारा करवाई गई थी। वर्ष 2000 में मेंस यूनियन के माध्यम से उनके वेतन में 500 रूपए की वृद्धि हुई। इसके बाद 2002 में पुनः 500 रूपए बढ़ाए गए जिससे वेतन 1500 रूपए हो गया। वर्ष 2005 में एक बार फिर 500 रूपए की बढ़ोतरी कर उनका कुल मानदेय 2000 रूपए प्रतिमाह किया गया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि पिछले लगभग 20 वर्षों से आज तक उनके वेतन में एक भी रूपए की वृद्धि नहीं हुई। पी. श्री राव केवल रेलवे इंस्टिट्यूट की सुरक्षा ही नहीं बल्कि उसकी साफ-सफाई, रख-रखाव साथ ही रेलवे स्कूल की देखरेख की जिम्मेदारी भी निभाते रहे हैं, इसके अलावा उन्होंने पोलियो अभियान, चुनाव ड्यूटी, खेलकूद प्रतियोगिताएं, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के ध्वजारोहण कार्यक्रम, तथा कोविड टीकाकरण जैसे अहम कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। उनके परिवार में पत्नी पी. कल्याणी, बड़े पुत्र पी. परमेश्वर राव उम्र 24 वर्ष और छोटे पुत्र पी. संमुख राव उम्र 18 वर्ष हैं।

सीमित आय में पूरे परिवार का पालन-पोषण करना उनके लिए लगातार एक संघर्ष बना हुआ है। 28 वर्षों की ईमानदार और निष्ठावान सेवा के बावजूद आज भी सम्मानजनक वेतन से वंचित रहना ना केवल एक कर्मचारी की पीड़ा को दशार्ता है, बल्कि यह व्यवस्था की संवेदनहीनता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

### नशे के विरुद्ध लोगों को किया गया जागरुक

**मनेन्द्रगढ़।** समाज में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से डॉ.आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं द्वारा एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय से रैली निकालकर गोपाल शीतगृह तिराहा पहुंचकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा व्यक्ति को स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। इस जनजागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, समस्त सहायक प्राध्यापक, स्टाफ सदस्य सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

# बाल मधुमेह पीड़ित बच्चों के लिए सहायता समूह की बैठक

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के गृह जिले एमसीबी में टाइप-1 डायबिटीज बाल मधुमेह से पीड़ति बच्चों और उनके परिजन के लिए पहली बार रोगी सहायता समूह बैठक का आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक और संवेदनशील पहल कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

कार्यक्रम का आयोजन राज्य एनसीडी सेल, जिला स्वास्थ्य समिति एमसीबी, यूनिसेफ छग एवं एकम फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से किया गया। बैठक का उद्देश्य टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रहे बच्चों एवं उनके परिवारों को सही चिकित्सकीय जानकारी, भावनात्मक संबल, उपचार प्रबंधन तथा दैनिक जीवन में आवश्यक देखभाल से जुड़ा व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में महापौर राम नरेश राय, बड़ा बाजार पार्षद मनीष खटीक, हल्दीबाड़ी पार्षद श्रीमती बॉबी कोर्राम एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि डॉ. डीके उपाध्याय की उपस्थिति रही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि टाइप-1 डायबिटीज एक चुनौती जरूर है, लेकिन यह बच्चों के जीवन की दिशा तय नहीं कर सकती।

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत बलरामपुर में जरूरतमंद ग्रामीणों को वितरण किया गया कंबल

**करवां।** मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत बलरामपुर में कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती किरण केराम उपस्थित थीं। श्रीमती केराम ने कहा कि यह कार्यक्रम अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक है । मानव जीवन में किताबी ज्ञान के साथ-साथ आध्यात्मिक सत्संग ज्ञान का भी होना बहुत जरूरी है। हमें समाज की दिशा दशा बदलने के लिए नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लेना होगा। सतपाल महाराज के प्रेरणा से सामाजिक सद्भाव आध्यात्मिक सत्संग जन जागरूकता हेतु संकल्पित मानव उत्थान सेवा समिति के आश्रम प्रभारी महात्मा सुगंधी बाई, विद्यावती बाई एवं मानव सेवा दल के शाखा कार्यकर्ताओं द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरण वितरण किया गया। इस दौरान सरपंच श्रीमती गीता , बिमला सिंह, भुनेश्वर सिंह, उप सरपंच तपेश्वरी राजवाड़े, निरंजन दुबे, गणेश राजवाड़े, बाबूलाल राजवाड़े, नीरा देवी, धर्म जीत, आनंद दास, आनंद राम, संत राम, देवंती, धनीराम सहित सेवा दल के सदस्य उपस्थित थे।

### सेंट्रल बैंक ऑफिसर्स यूनियन की हुई बैठक




**अम्बिकापुर।** सेंट्रल बैंक ऑफिसर्स यूनियन आई बोक इकाई की अर्धवार्षिक बैठक माखन विहार होटल में करता राम गुप्ता आईबोक के पूर्व अध्यक्ष आईबी तिवारी, एलआईसी यूनियन के सचिव सतीश तिवारी परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता, सीबीओयू के पूर्व सचिव असीम बनर्जी, शासकीय पॉलिटेक्निक के कमलेश सोनी के आतिथ्य में हुई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सेंट्रल बैंक ऑफिसर्स यूनियन के कार्यों एवं एकजुटता की तारीफ की। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्रीमती सुनीता दास ने किया। सुश्री रिट्विका बनर्जी ने शास्त्रीय नृत्य ऑचल मंदिलवार ने आकर्षक गीत की प्रस्तुति दी। लोक गायक संजय सुरीला ने छत्तीसगढ़ी गीतों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अंबिकापुर एवं रायपुर क्षेत्र के 70 से अधिक अधिकारी शामिल हुए। सेंट्रल बैंक ऑफिसर्स यूनियन के अध्यक्ष श्याम गुप्ता ने अपने उद्बोधन में यूनियन इतिहास एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी तथा आगामी बैठकों में अधिक से अधिक सदस्यों के शामिल होने का अह्वान किया। उन्होंने 27 जनवरी से होने वाली बैंक हड़ताल को सदस्यों से सफल बनाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष अमन सुरीन एवं क्षेत्रीय सचिव कुंदन कुमार, अलताफ मिर्जा ने बैठक को भी संबोधित किया। अंत में अतिथियों को साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। महासचिव दिलीप सिन्हा एवं माखन राम ने आभार व्यक्त किया।

### संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई ओड़गी की कार्यकारिणी घोषित

**ओड़गी।** छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक संघ ओड़गी के ब्लॉक अध्यक्ष मो.महमूद ने कार्यकारिणी की घोषणा की। मो. महमूद ने बताया कि संगठन को और



अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यकारिणी में ब्लॉक अध्यक्ष मो.महमूद, कार्यकारी अध्यक्ष कुंजलाल यादव, उपाध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता, दीपनारायण द्विवेदी, सचिव राजेश कुमार पैकरा, कोषाध्यक्ष हरिनारायण दुबे, संयोजक भोरेलाल यादव, राजेश पाल, महासचिव ऋषि कुमार पाण्डेय, सुनील शर्मा, मनीष कुमार पाण्डेय, महामंत्री सिद्धेश्वर सिंह, अनिल जायसवाल, घनश्याम सिंह, प्रवक्ता बालकरण यादव, अनिमेष लाल, सह सचिव चंद्रभवन सिंह कंवर, देवलाल रत्नाकर, भीम प्रसाद पैकरा, संगठन सचिव सुरेश दुबे, राजेश जायसवाल, संजय देव पाण्डेय, प्रचार सचिव भरत कुमार राजवाड़े, पीटर लकड़ा, मनोज यादव, संतोष गुप्ता, संयुक्त सचिव विजेन्द्र सिंह, परमेश दुबे, देवेन्द्र आजाद, विश्वनाथ यादव, राजेन्द्र पटेल को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया गया है।

### संयुक्त दल ने ग्राम लक्ष्मणपुर स्थित श्याम एग्रो राइस मिल को किया सील

# धान अफरा तफरी के मामले में खाद्य विभाग की टीम ने राइस मिल में की छापमारी, दो गाड़ी में लोड 230 बोरी अवैध धान जब्त





अवैध धान लोड गाड़ी एवं राइस मिल के गेट पर सील बंदी करते खाद्य विभाग के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर जिले के ग्राम दतिमा से लगे ग्राम लक्ष्मणपुर स्थित श्याम श्री एग्रो राइस मिल में खरीफ वर्ष में धान अफरा-तफरी को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। जांच में खुलासा हुआ कि राइस मिल संचालक द्वारा समितियों से सीएमआर के नाम पर धान उठाव कर उसी धान को किसानों के नाम पर बिचौलियों के माध्यम से समितियों में खपाया जा रहा था, जिससे राज्य शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही थी। मामले की सूचना मिलने पर सोमवार को कलेक्टर सूरजपुर के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए छापेमारी की,इस दौरान पाया गया कि राइस मिल से धान लोड कर दो ट्रैक्टर रामनगर सेवा सहकारी समिति की ओर ले जाए जा रहे थे।

खाद्य विभाग ने ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 15ए 1813 में से 120 बोरी एवं सीजी 29 एजी 6431 में से 110 बोरी अवैध धान को जप्त कर रामनगर समिति प्रबंधक के सुपुर्द किया है। जांच में यह भी सामने आया कि उक्त धान को शिवधनी जायसवाल ग्राम झुमरपारा एवं रामदेव सिंह निवासी रामनगर के नाम पर समिति में खपाने की योजना थी, जिनके टोकन पहले से ही कटे हुए थे।ट्रैक्टर जप्ती के बाद खाद्य अमले ने श्याम श्री एग्रो राइस मिल,लक्ष्मणपुर पहुंचकर स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया,जिसमें 6765 बोरी यानि 2706 क्विंटल धान कम पाया गया, इसके बाद मिल परिसर में मौजूद लगभग साढ़े 29 हजार क्विंटल धान को जप्त करते हुए राइस मिल को सील कर दिया गया है। जिला खाद्य अधिकारी संदीप भगत ने बताया कि मामले में कस्टम मिलिंग एवं धान उपार्जन आदेश की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में भेजा जा रहा है,इस कार्रवाई के बाद जिले में धान के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है,उक्त राइस मिल अंबिकापुर निवासी विनय अग्रवाल की बताई गई है।

#### खास बातें

- राइस मिल में भौतिक सत्यापन करने पर 27 सौ क्विंटल से अधिक धान का स्टॉक कम पाया गया
- छोटे रकबे वाले किसानों के नाम पर धान खपाने की थी तैयारी,पहले से कटा कर रखे गए थे टोकन

#### सीएमआर के लिए उठाए गए धान की मिलिंग के बजाय बिचौलियों के माध्यम से बेचा जा रहा किसानों को

बताया जाता है कि राइस मिलरों द्वारा समितियों से धान का उठाव कस्टम मिलिंग के लिए किया जाता है, लेकिन वास्तव में इस धान की मिलिंग न कर धान को ऐसे किसानों को कोचियों सहित समिति प्रबंधकों के माध्यम से बेच दिया जाता है जिनका रकबा अधिक है और उतनी मात्रा में धान उपजाया नहीं गया है,यही धान सरकारी दर पर समितियों में कम रकबा वाले किसानों के नाम पर खपाया जाता है,इसके साथ ही राइस मिलर यूपी व बिहार प्रांत से सस्ते दर पर चावल को मंगवाकर सीएमआर में जमा करते है,इसमें उन्हें किसी प्रकार की अतिरिक्त व्यय या परेशानी नहीं होती है,न मिलिंग कराने का झमेला- झंझट और न ही बिजली बिल, मजदूरी, पल्लेदारी सब कुछ ठोस बचत से राइस मिल संचालक फल फूल रहे हैं।इन्हीं सब कारणों से बड़ी मात्रा में हर वर्ष प्रदेश भर में नई राइस मिले खुल रही हैं।

#### समिति में भी 80 लाख रुपए का धान गायब

सूरजपुर जिले के भैयाथान तहसीलदार और खाद्य विभाग ने सहकारी समिति सावारावां में भी जांच की। जांच के दौरान समिति में 40 हजार 842 क्विंटल धान की खरीदी करना बताया गया। दस्तावेजों से स्टॉक का मिलान करने के लिए भौतिक सत्यापन किया गया। स्टॉक के भौतिक सत्यापन में समिति में कुल 34 हजार 132 क्विंटल धान पाया गया। समिति से 2588 क्विंटल धान गायब मिला है, जिसकी कीमत 80 लाख रुपए बताई गई है। आशंका है कि समिति में पहुंचे बिना ही धान किसानों के खाते में चढ़ा दिया गया है।

### सरगुजा में दो राइस मिलरों पर की गई कार्रवाई

**अंबिकापुर।** जिले में भी धान की अफरा तफरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इस बीच कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर जिले में भौतिक सत्यापन के दौरान धान की मात्रा कम पाए जाने पर दो राइस मिलों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि 6 जनवरी को राजेश राइस मिल खोडरी उदयपुर में खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी ने जांच की। जांच के दौरान मिल संचालक मयंक अग्रवाल उपस्थित थे। भौतिक सत्यापन में 4370 नग बोरा तथा टापा में 1400 नग बोरा धान (प्रति बोरा 40 किलोग्राम) कुल 5770 बोरी, वजन 2308 क्विंटल धान पाया गया। जांच में यह पाया गया कि मिल द्वारा सत्यापन की तिथि तक कुल 5050 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका था। इस प्रकार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में उठाए गए धान के सत्यापन में 6855 बोरा धान कम पाया गया। वहीं गत वर्ष 2024-25 के लिए एफसीआई हेतु तैयार 5220 क्विंटल चावल मिल परिसर में प्लास्टिक बोरी एवं ढाला के रूप में पाया गया। इसके अतिरिक्त मिल के पीछे निर्माणाधीन गोदाम में बाहर से खरीदा गया लगभग 1200 क्विंटल चावल भी रखा हुआ पाया गया। इसी प्रकार 8 जनवरी को सिद्धिविनायक राइस मिल दरिमा की संयुक्त जांच की गई। जांच के समय मिल संचालक संजय कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। भौतिक सत्यापन में 17250 नग बोरा धान एवं चावल में 1447 क्विंटल (धान मात्रा 2160 क्विंटल, 5400 नग बोरा) पाया गया। इस प्रकार कुल 22650 बोरी धान (9060 क्विंटल) भौतिक रूप से उपलब्ध पाया गया। जांच में पाया गया कि मिल द्वारा सत्यापन की तिथि तक कुल 12320 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका था जो कि 30800 बोरी के बराबर है। इस प्रकार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में उठाए गए धान के सत्यापन में 8150 नग बोरा धान (3260 क्विंटल) कम पाया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान स्टॉक से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज मिल संचालक द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। भौतिक सत्यापन में धान की कमी पाए जाने नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

#### केरजू समिति में फर्जी ऋण निकालने के मामले में जांच टीम गठित

अंबिकापुर/सीतापुर। सहकारी समिति केरजू में किसानों के नाम पर फर्जी ऋण निकालने के कलेक्टर ने जांच समिति गठित कर दी है। बता दें कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. केरजू के तत्कालीन प्रबंधक स्व. दिनेश गुप्ता एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. पेटला के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरूद्ध 5 गांव केरजू, कुनमेरा, ढोढांगाव, बंशीपुर एवं हरदीसांड़ के 131 किसानों द्वारा उनके बिना सहमति, बिना पास बुक, बिना आहरण पर्ची के ऋण की राशि आहरण करने की शिकायत कलेक्टर अजीत वसंत से की थी। शिकायत के बाद कलेक्टर सरगुजा श्री वसंत ने इस मामले की जांच के लिए टीम का गठन कर दिया है। जांच टीम के अध्यक्ष एसडीएम सीतापुर राम सिंह ठाकुर होंगे। वहीं लीड बैंक मैनेजर अम्बिकापुर दिपेन्द्र यादव, कार्यालय कोषालय अधिकारी के सहायक लेखा अधिकारी मनोज शर्मा, जिला सहकारी केन्द्रीय मर्या. बैंक के प्रभारी मुख्य लेखापाल आनंद सिंह एवं कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं के वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक दीपक कुमार पटेल सदस्य होंगे। जांच दल द्वारा शिकायत की तथ्यात्मक जांच कर जांच प्रतिवेदन 3 दिवस के भीतर कलेक्टर सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## मवेशियों की चोरी कर झारखंड ले जाने वाला गिरोह पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मवेशियों की चोरी कर तस्करी करने के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। एक बार फिर से पुलिस ने 7 मवेशी चोरों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 4 रास मवेशी भी बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों से कार व पिकअप वाहन जब्त किया है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी घुटरापारा चांदनी चौक निवासी अंकित तिवारी 13 जनवरी को सुबह 5 बजे टहलने निकला था। इस दौरान खैरबार रोड पर नहर किनारे कार क्रमांक जेएच 24 डी 8465 व पिकअप क्रमांक जेएच 01 ईएक्स 4982 में सवार 6-7 व्यक्तियों द्वारा गाय व बछड़ों को रस्सी से बांधकर पिकअप में लोड किया जा रहा था। युवक ने चोरों बाइक से पीछा किया और पुलिस को सूचना दी की मवेशियों से भरे पिकअप को रनपुर बस्ती के आगे जंगल में खड़ा किया गया है। ऐसे में सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस व साइबर सेल की टीम ने घेराबंदी की। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस झारखंड रांची के माडर ढौठा टोली निवासी 30 वर्षीय अकरम अंसारी आ. कमरूद्दीन अंसारी, गुमला तिगरा निवासी 20 वर्षीय असलम खान आ. मुमताज



खान, 20 वर्षीय इरबाज खान आ. स्व. सिराज खान, गुमला जारी निवासी 20 वर्षीय अमजद खान आ. स्व. जब्बार खान, पुसव निवासी 20 वर्षीय शाहरुक अंसारी आ. सकबुल अंसारी, 20 वर्षीय फिदाउल अंसारी आ. स्तब अंसारी, 26 वर्षीय अब्बु सहाब अंसारी आ. नजमुल अंसारी को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से कार, पिकअप समेत चार नग मवेशी जतब किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2), 4, 6,10 छग कृषक परीक्षण अधि. 2004 पशुओं के प्रति कुरता का निवारण 1960 की धारा 11 के तकत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकांत सिन्हा, प्रभारी साइबर सेल अजित कुमार मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिंह, आरक्षक मनीष सिंह, राहुल केरकेट्टा, अमन पुरी सक्रिय रहे।

## गरीबों का हक मार रही केंद्र सरकार : जरिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर




मनरेगा में संशोधन करके केंद्र सरकार द्वारा गरीब परिवार के हक पर हमला किया जा रहा है। यूपीए सरकार द्वारा गरीबों को मनरेगा का एक महत्वपूर्ण कानून देकर बड़ा अधिकार दिया गया था, जिसे अब खत्म करने की साजिश की जा रही है। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी की छत्तीसगढ़ सह प्रभारी जरिता लैतफ्लांग ने ग्राम जयनगर व रामनगर में मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के तहत आयोजित चौपाल कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा आम लोगों के साथ विश्वासघात किया जा रहा है।

आज देश में बेरोजगारी, महंगाई, चरम पर पहुंच गई है लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार केवल कोरे आश्वासन देकर लोगों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा है आज किसानों के रकबे काटकर धान खरीदी से खुद को बचाकर किसानों को आर्थिक व मानसिक नुकसान पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। विकास कार्य भी केवल कागजी कोरमपूर्ति ही दिखाई पड़ रहे हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों के हक की मनरेगा योजना को समाप्त करने का जो प्रयास किया जा रहा है वह पूरी तरह अनुचित है। कांग्रेस पार्टी इसको लेकर गरीब मजदूरों के हक में सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ रही है। आप सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। चौपाल कार्यक्रम को पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े, जेपी श्रीवास्तव, संजय डोसी व अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान मेंहदी यादव, इस्माइल खान, नरेंद्र जैन, वेद प्रकाश मिश्र, मो.शमीम पलिहा, रूपनारायण राजवाड़े, झूनेश्वर राजवाड़े, विनय मिश्रा, विक्की समद्दार, मनोज राजवाड़े, संतोष पावले, दुर्गा टेकाम, सुंदर दास, नारायण दास, मोती दास, निर्मल साहू, दिनेश व अन्य उपस्थित थे।


## मंत्री राजवाड़े ने 15.50 करोड़ के कार्यों का किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विधान सभा में 15.50 करोड़ रुपये की लागत से किए जा रहे तीन महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इन कार्यों के शुभारंभ से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा सुदृढ़ होगी और विकास को नई गति मिलेगी।



मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने गृह ग्राम वीरपुर से कसलगिरी सड़क निर्माण कार्य के पूजन में ग्राम कसलगिरी पंचायत भवन के पास सम्मिलित हुईं। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम केंवटाली से सुन्दरपुर सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर ग्राम केंवटाली चौक में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। ग्राम गंगौटी से शिवपुर सड़क निर्माण कार्य के कार्यप्रारंभ पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सुदृढ़ सड़कें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। इन मार्गों के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी, किसानों, विद्यार्थियों और नागरिकों को लाभ होगा तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और बाजार तक पहुंच आसान होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब और वंचित वर्ग के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अधोसंरचना विकास के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, सौरभ साहू ने संबोधित किया। इस दौरान ललित राजवाड़े, राजू गुप्ता, राय सिंह, संतोष कुमार सिंह, टीमल सिंह, उजाला ठाकुर, तेज नारायण सिंह, राम बहल सिंह, शिव प्रसाद साहू, उमेश कुशवाहा, जितेंद्र दुबे, भूपेंद्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।




## जर्जर सड़क व किसानों के लंबित भुगतान को लेकर एनएच 43 पर युवक कांग्रेस का चक्काजाम

**बिश्रामपुर।** क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर युवक कांग्रेस ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर चक्काजाम किया,युवक कांग्रेस के नेतृत्व में ग्राम मदनपुर चौदहा पेट्रोल पंप के समीप सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया,इस दौरान कलेक्टर सूरजपुर के नाम एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

चक्काजाम होने के कारण कुछ समय के लिए एनएच पर आवागमन प्रभावित हो गया,प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन लंबे समय से जनहित से जुड़े गंभीर मुद्दों को नजरअंदाज कर रहा है,जिससे आम जनता, किसान और राहगीर परेशान हैं,प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ग्राम सिलफिली में संचालित पिलखा क्षीर संयंत्र डेढ़ वर्षों से बंद पड़ा है,जिससे सैकड़ों किसानों,कर्मचारियों और आपूर्तिकर्ताओं को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है,संयंत्र पर करीब 90 लाख रुपए का भुगतान किसानों व कर्मचारियों का लंबित है,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई,प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि किसानों समेत अन्य लोगों का बकाया राशि का



तत्काल भुगतान शीघ्र कराया जाए,उन्होंने कहा कि सिलफिली से अजबनगर तक एनएच 43 की हालत बेहद खराब हो चुकी है,गड्ढों और उड़ती धूल के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं,राहगीरों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है,वहीं सड़क किनारे रहने वाले लोग धूल-प्रदूषण से त्रस्त हैं,ग्राम संजयनगर स्थित पिलखा ढाबा के संचालक द्वारा एनएच 43 के अंधे मोड़ पर सड़क से सटाकर बनाए गए अवैध शेड को भी गंभीर खतरा बताया गया,प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस अंधे मोड़ पर दृश्य बाधित होने से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और कुछ राहगीरों की जान भी जा चुकी है। प्रदर्शनकारियों ने कमलपुर रेलवे साइडिंग को कोयला परिवहन के लिए पुनः शुरू करने का कड़ा विरोध किया गया,बताया गया कि इससे भारी वाहनों का दबाव बढ़ेगा, दुर्घटनाओं की आशंका,प्रदूषण और कृषि कार्यों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा,पूर्व में अदानी समूह द्वारा कोयला परिवहन के दौरान सड़कों की हालत बदतर हो गई थी,जो आज तक सुधर नहीं सकी है,इसलिए जनहित में कमलपुर साइडिंग को पुनः शुरू करने पर तत्काल रोक लगाई जाए,प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी जरीता लैतफ्लांग, सूरजपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह, संजय डोसी, मेंहदी यादव, इस्माइल खान,जेपी श्रीवास्तव, संजीत यादव, प्रिंस श्रीवास्तव,तपन सिकदार, विनय गुप्ता,कमलेश दुबे,परमेश्वर राजवाड़े,अनहल, रुचि टोप्पो,आनंदी लकड़ा, भीमा पैकरा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

